## मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना में बेहतर करने वाले 3 डीटीओ व दो आरटीए सचिव सम्मानित

# कॉमर्शियल वाहनों को रजिस्ट्रेशन संग परमिट

जागरण संवाददाता, पटना : परिवहन विभाग अब व्यावसायिक वाहनों के रजिस्ट्रेशन के साथ ही परमिट का प्रावधान सुनिश्चित करेगा। विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान परिवहन सचिव संजय अग्रवाल ने यह संकेत दिए। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, वाहनों के रजिस्ट्रेशन, परमिट, प्रदूषण जांच केंद्र, राजस्व वसूली और हेलमेट-सीट बेल्ट जांच अभियान की जिलेवार समीक्षा गई।

समीक्षा बैठक के पहले सत्र की अध्यक्षता राज्य परिवहन प्राधिकार के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह की। राज्य परिवहन आयुक्त सीमा त्रिपाठी ने विभागीय योजनाओं में लक्ष्य अनुपालन की स्थिति व प्रगति पर प्रस्तुतीकरण के जरिए कमजोर प्रगति वाले जिलों के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया।



परिवहन विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते सचिव संजय कुमार अग्रवाल • जागरण

मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना में बेहतर काम करने के लिए तीन जिला परिवहन पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। भोजपुर डीटीओ माधव सिंह, जमुई डीटीओ कुमार रवि और नालंदा डीटीओ शैलेंद्र नाथ को परिवहन मंत्री संतोष कुमार निराला और परिवहन सचिव संजय अग्रवाल ने सम्मानित किया।

वहीं परमिट में बेहतर काम करने वाले दो आरटीए- पटना आरटीए सुशील कुमार और पूर्णिया के आरटीए धीरेंद्र पासवान को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर परिवहन विभाग के संयुक्त सचिव अनंत नारायण चौधरी, उपसचिव विनय कुमार राय और ओएसडी आजीव वत्सराज के अलावा दरभंगा के प्रमंडलीय आयुक्त, मयंक बड़बड़े, भागलपुर के प्रमंडलीय आयुक्त राजेश कुमार, तिरहुत के प्रमंडलीय आयुक्त नर्मदेश्वर लाल, ट्रांसपोर्टर एवं अधिवक्ताओं ने भाग लिया।